संकलनात्मक परीक्षा-1 (कक्षा-सातवीं) 9/2015

विषय : हिन्दी

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

(खण्ड - क)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

हमारे जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व है। अनुशासन का अर्थ है - नियमों का पालन करना। अनुशासन की आवश्यकता जीवन के हर क्षेत्र में होती है, लेकिन विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व होता है। प्रकृति भी अनुशासन में रहकर अपना कार्य नियमित रूप से करती है। प्रकृति यदि अनुशासन का पालन नहीं करेगी तो शायद यह संसार ही नष्ट हो जाए। ठीक उसी प्रकार व्यक्ति का भी अनुशासन में रहकर काम करना उसके विकास के लिए आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन आरंभ होने से पहले व्यक्ति घर-परिवार से ही नियमों का पालन करना सीखता है। उसकी यही अवस्था उसे अपने देश तथा संस्कृति से परिचित कराती है। अनुशासनहीन व्यक्ति को समाज तथा देश किसी प्रकार का सम्मान नहीं देता। आज सभी को अनुशासित होना बहुत आवश्यक है। देश का प्रत्येक नागरिक चाहे वह देश की सीमा पर तैनात एक सैनिक हो या शिक्षा संस्थाओं में पढ़ने वाला विद्यार्थी हो या कार्यालयों में काम करने वाला कोई कर्मचारी अथवा राजनीति का कोई नेता हो या देश का कोई मंत्री, अनुशासन की राह पर चलकर ही वह देश का नाम ऊँचा कर सकता है। अनुशासन वह सीढ़ी है, जिस पर चलकर व्यक्ति सफलता और लक्ष्य की प्राप्ति सुविधा से कर सकता है।

(क) अनुशासन का क्या अर्थ है? (1)

(ख) प्रकृति को अनुशासन की आवश्यकता क्यों पड़ती है? (1)

(ग) अनुशासनहीन व्यक्ति की क्या दशा होती है? (1)

(घ) किन लोगों को अनुशासित होने की ज़रूरत अधिक है? (1)

(ङ) 'अर्थ' एवं 'नियमित' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

ज्ञान-बुद्धि-सेवा-दया, गुण जब बिन अभिमान,
सत्य प्रेम-संतोष से बनते लोग महान।
दया-त्याग से हर समय, पूजे गए फ़कीर,
सम्मानित होते वही, जो हरते पर-पीर।
क्रोध नहीं करिए कभी, तन का हो नुकसान,

बात करें जब प्यार से काम बने आसान।
सदा पुजारी शांति का, भारत में सब ज्ञान,
सभी धर्म पलते यहाँ, सब सच्चे इंसान।

(क) कैसे लोग महान और सम्मानित होते हैं? (1)

(ख) क्रोध करने से क्या हानि होती है? (1)

(ग) भारत की किन विशेषताओं के बारे में बताया गया है? (2)

(घ) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (1)

**(खण्ड - ख)**

प्र3. (क) अनुनासिक का प्रयोग करते हुए दो शब्द बनाइए। (1)

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा छाँटकर भेद लिखिए :- (2)

(i) बचपन सबको अच्छा लगता है।

(ii) तुम प्रतिदिन सेब खाया करो।

(ग) लिंग बदलिए :- लेखक, माली (1)

(घ) एकवचन का प्रयोग बहुवचन में कब होता है? एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (1)

प्र4. (क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारकों के नाम लिखिए :- (1)

(i) राकेश <u>ज़मीन पर</u> सोया है।

(ii) हेमा अपने <u>भाई के लिए</u> खाना लाई।

(ख) 'आप' का प्रयोग निजार्थक रूप में करते हुए एक वाक्य बनाइए। (1)

(ग) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए :- (1)
विदेश, शक्ति

प्र5. (क) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- कपड़ा, इच्छा (2)

(ख) विलोम शब्द लिखिए :- उचित, उदय (1)

(ग) निम्नलिखित शब्द के दो भिन्न अर्थ लिखिए :- उत्तर (1)

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के स्थान पर एक शब्द लिखिए :- (1)

(i) जिसकी उपमा न हो

(ii) काम से जी चुराने वाला

(ङ) निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्ति का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- (2)

(i) एक और एक ग्यारह होना

(ii) आम के आम गुठलियों के दाम

(खण्ड - ग)

प्र6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कठपुतली गुस्से से उबली
बोली - ये धागे
क्यों हैं मेरे पीछे-आगे?
उन्हें तोड़ दो;
मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।
सुनकर बोलीं और-और
कठपुतलियाँ कि हाँ,
बहुत दिन हुए
हमें अपने मन के छंद हुए।

(क) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया? (1)

(ख) कठपुतली अपने पैरों पर क्यों खड़ा होना चाहती है? (1)

(ग) पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगी? (2)

(घ) काव्यांश के कवि एवं भाषा का नाम बताइए। (1)

प्र7. (क) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता का मूल भाव लिखिए। (2)

(ख) 'रहीम के दोहों' की भाषागत् विशेषताएँ बताइए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

खानपान की जो एक मिश्रित संस्कृति बनी है, इसके अपने सकारात्मक पक्ष भी हैं। गृहिणियों और कामकाजी महिलाओं को अब जल्दी तैयार हो जाने वाले विविध व्यंजनों की विधियाँ उपलब्ध हैं। नई पीढ़ी को देश-विदेश के व्यंजनों को जानने का सुयोग मिला है - भले ही किन्हीं कारणों से और किन्हीं खास रूपों में (क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि ये विविध व्यंजन इन्हें निखालिस रूप से उपलब्ध नहीं है)। आज़ादी के बाद उद्योग-धंधों, नौकरियों-तबादलों का जो नया विस्तार हुआ है, उसके कारण भी खान-पान की चीज़ें किसी एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में पहुँची हैं।

(क) खानपान की मिश्रित संस्कृति से किन्हें लाभ पहुँचा और कैसे? (2)

(ख) खानपान की चीज़ों का एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में पहुँचने का मुख्य कारण क्या है? (1)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (3x2=6)

(क) मिठाईवाले में वे कौन-कौन से गुण थे जिसकी वजह से बच्चे तो बच्चे बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले जाते थे?

(ख) कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब वह किन विचारों में खो जाता है?

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताइए : (2)

दुर्गति, कर्मठ, स्मरण, मृदुल

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : (2)

एकता, विश्वास

प्र11. 'कंचा' कहानी में जब मास्टर जी अप्पू से सवाल पूछते हैं तो वह कंचों की दुनिया में खोया हुआ था। क्या आपके साथ भी ऐसा कभी हुआ है कि किसी दिन कक्षा में बैठे हुए भी आपका ध्यान कक्षा में नहीं था? ऐसा क्यों हुआ और इसका क्या परिणाम निकला? अपने अनुभव के आधार पर बताइए। (3)

अथवा

'कठपुतली' कविता में कवि ने क्या बताने का प्रयास किया है? आज़ादी सभी को प्रिय है पर आज़ादी अपने साथ कई ज़िम्मेदारियाँ लेकर आती है। अपने अनुभव के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2x3=6)

(क) नीलगाय का नाम कजरी क्यों रखा गया? उसके रूप-सौंदर्य व स्वभाव का वर्णन कीजिए।

(ख) अम्मा के लिए उल्लू को पालना मुसीबत का कारण क्यों बना?

(ग) चिम्पैंज़ी का नाम मंगल कैसे पड़ा? वह अम्मा से नाराज़ क्यों हो गया था?

प्र13. कहानी 'कजरी' के आधार पर बताइए कि अम्मा के मन में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम-भावना कैसे जागी? पर्यावरण के लिए पशु-पक्षियों का भी विशेष महत्त्व है। आप उनकी देखभाल व सुरक्षा कैसे कर सकते हैं? (4)

अथवा


'मंगल' कहानी में अम्मा मंगल को एक बच्चे की तरह पालती है तथा मंगल भी अम्मा को माँ की तरह प्यार करता है। क्या आप भी यह मानते हैं कि किसी पशु को अपनत्व व प्यार देने से वह भी हमें उतना ही प्यार करता है? अपने उत्तर को अपने अनुभव द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड - घ)

प्र14. प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग से पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव पर दो छात्रों के बीच होने वाली बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (4)

प्र15. 'वॉशिंग पाउडर' का सुंदर व आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

प्र16. नीचे दिए चित्र को देखकर 25-30 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (3)



प्र17. अपने विद्यालय में मनाए गए स्वच्छता-सप्ताह का वर्णन करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

रेल यात्रा में जेब कट जाने की सूचना देते हुए रेलवे पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए: (5)

(क) मानव का शत्रु : आलस्य

(ख) कम्प्यूटर : आज की आवश्यकता

(ग) जीवन में त्योहारों का महत्त्व